DTS No. 5049 PS/Pr.Sec/WR/SWRPD/IGNP
Date 4-7-17

DTS No. 51193 PS/Pr.Sec/WR/SWRPD/IGNP
Date 04/07/17

राजेन्द्र भट्ट आई.ए.एस
जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
डूंगरपुर–314001 (राज.)

कार्यालय : 02964 – 231002
निवास : 02964 – 231001
फैक्स : 02964 – 231006
e-mail : dm-dun-rj@nic.in

अ0शा0 पत्र क्रमांक– एफ ( )/राजस्व/2017/2417

दिनांक: 02–07–2017

परम आदरणीय शिखर सर,

माननीय मुख्यमंत्री महोदया के डूंगरपुर जिले के भ्रमण अवधि दिनांक 25.04.2006 से 28.04.2006 के दौरान डूंगरपुर जिले में ग्राम पंचायत उँटिया पंचायत समिति झौंथरी में **"बोर का भाटडा"** लघु सिंचाई परियोजना का कार्य की राशि रूपये **2.77 करोड** की घोषणा की गयी थी, जिसकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दिनांक 18.07.2006 से राशि रूपये **275.93 लाख** की जारी की गयी थी। डूब से प्रभावित काश्तकारो द्वारा भूमि के बदले भूमि की मांग करने के कारण एवं उनके विरोध के चलते कार्य स्थल पर कार्य में बाधा उत्पन्न होने से मुख्य बॉध का कार्य बंद है। अधीक्षण अभियन्ता जल संसाधन निर्माण वृत डूॅगरपुर के द्वारा बताया गया है कि परियोजना के बॉध का कार्य मार्च, 2007 में एवं नहर का कार्य नवम्बर, 2006 में प्रारम्भ करा दिया गया था। बॉध की कुल भराव क्षमता **23.73 MCFT** एवं **C.C.A. 134** हेक्टेयर हैं। नहर का कार्य पूर्ण है। बॉध का कार्य स्थानीय काश्तकारों के विरोध के कारण दिनांक 05.12.2008 से बंद हैं। बॉध निर्माण हेतु सीओटी खुदाई, फिलिंग एवं नाला पोर्शन के अलावा आर.एल. 106.50 मीटर तक मिट्टी कार्य, **Sluice** का निर्माण कार्य, बायवॉश कटींग कार्य, वींगवॉल निर्माण कार्य अब तक किया गया है। परियोजना पर कुल व्यय राशि रूपये 206.94 लाख का हो चुका हैं।

**आपका जिला आपकी सरकार** के तहत माननीय मुख्यमंत्री महोदया के **दिनांक 7–10 अगस्त, 2016 को डूंगरपुर जिले के भ्रमण के दौरान "बोर का भाटडा" लघु सिंचाई परियोजना** के कार्य को प्रारम्भ करने के निर्देश प्रदान किये गये थे। तब से जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग द्वारा प्रभावितो के साथ कई बार मिटींग आयोजित कर समझाने का प्रयास किया गया परंतु उनका कहना था कि पूर्व में भी हम विस्थापित हुए है एवं पुनः विस्थापित किया जा रहा है, अतः इनके समझौता वार्तानुसार वर्ष 2006 के मुआवजा भुगतान के साथ–साथ 135 बीघा (21.60हैक्टयेर) जमीन के स्थान पर प्रति परिवार (खातेदार) 1 बीघा जमीन जो कि कुल 6.5 हैक्टयेर होती है को रानीझूला वनक्षैत्र में आवंटित कराते हुए बॉध के शेष निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराया जाता है तो हमे कोई आपत्ति नही है। इस सम्बन्ध में **"किसानो द्वारा लिखित में सहमति दी गयी है।"**

इस सम्बन्ध में दिनांक **30.06.2017 को आयोजित विडीयो कॉन्फ्रेन्सिंग में माननीया मुख्यमंत्री महोदया के निर्देशानुसार प्रभावित काश्तकारों को रानीझूला**

राजेन्द्र भट्ट आई.ए.एस
जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
डूंगरपुर–314001 (राज.)

कार्यालय : 02964 – 231002
निवास : 02964 – 231001
फैक्स : 02964 – 231006
e-mail : dm-dun-rj@nic.in

वनक्षैत्र में 6.5 हेक्टेयर भूमि आवंटन के प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किये जा रहे है। अतः प्रभावितो को ''बोर का भाटडा बॉध के समीप रानीझूला वनक्षैत्र में 6.5 हेक्टैयर भूमि के प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्ताव वन विभाग को श्रीमान् के विभाग से भिजवाने की कृपा करावें। वन भूमि प्रत्यावर्तन हेतु लगभग 70 लाख रू. के बजट आवंटन की, वित्तीय स्वीकृति की भी आवश्यकता रहेगी। अतः आवश्यक स्वीकृती प्रदान करावें ताकि प्रभावितों की समस्या का निराकरण होकर बॉध का निर्माण भी पूर्ण किया जा सके जिसका लाभ 6 गॉवो के कृषक परिवारो को प्राप्त हो सकेगा।

संलग्नः– प्रस्ताव

सादर।


भवनिष्ठ,

(राजेन्द्र भट्ट)


श्रीमान् शिखर अग्रवाल सा0
प्रमुख शासन सचिव,
जल संसाधन विभाग
राजस्थान सरकार जयपुर

डूंगरपुर जिले में ग्राम पंचायत उँटिया पंचायत समिति झौंथरी में
बोर का भाटडा लघु सिंचाई परियोजना
के डूब प्रभावित काश्तकारों को समीपस्थ
वनखण्ड रानीझूला में भूमि आवंटन के प्रस्ताव

| क.सं. | कुल प्रभावित काश्तकार | डूब में अवाप्त कुल भूमि | कुल भूमि की आवश्यकता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 39 | 21.60 हैक्टयेर | 6.50 हैक्टयेर |


INDEX –
BOR KA BHATRA MIP
DUNGARPUR
Lat.
Long.
Fairly dense jungle mainly teak

डूब क्षेत्र बोर का भाटड़ा सिं० परि
धारा - 6 हेतु प्रस्तावित क्षेत्र




अधिशाषी अभियन्ता
जल संसाधन खण्ड डूंगरपुर

अधिशाषी अभियंता
जल संसाधन खण्ड प्रथम डूंगरपुर
कोड नं. 787

सहायक अभियन्ता
लघु सिचाई उपखण्ड
बिछीवाड़ा डूंगरपुर

सहायक अभियन्ता
लघु जल संसाधन उ...
बिछीवाड़ा